LNMUonline.com

Examination Question 2015

B.A. Part-I (L.N. Mithila University)

R.B. (Hindi) (Group A to D) Arts

सभी प्रश्नों के उत्तर दें।

1. दिनकर अथवा धर्मवीर भारती का कवि परिचय दें। 20

अथवा, 'मधुमय देश' अथवा 'वसन्त की अगवानी' शीर्षक कविता का भाव-सौन्दर्य निरूपित करें।

2. निम्नलिखित में से किसी एक की व्याख्या करें : 15

(क) उच्छवास और आँसू में
विश्राम थका सोता है।
रोई आँखों में निद्रा
बनकर सपना होता है।

(ख) कब सुकोमल ज्योति से अभिषिक्त
हो, सरस होंगे जली-सूखी रसा के प्राण ?

3. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें : 10

(क) कमल (ख) दिनकर (ग) चन्द्रमा (घ) गंगा (ङ) सागर (च) पति (छ) पृथ्वी (ज) पानी

4. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच के विलोम शब्द लिखें : 5

(क) रात्रि (ख) आकाश (ग) राग (घ) कोमल (ङ) मीठा (च) आगम (छ) अनुकूल (ज) उन्नति

5. निम्नलिखित अवतरण का संक्षेपण करें : 15

कवि का काम है कि वह प्रकृति-विकास को खूब ध्यान से देखे। प्रकृति की लीला का कोई ओर-छोर नहीं, वह अनन्त है। प्रकृति अद्भुत खेल खेला करती है। एक छोटे-से फूल में वह अजीब कौशल दिखलाती है। वे साधारण के ध्यान में नहीं आते। वे उनकी समझ में नहीं आ सकते, पर कवि अपनी सूक्ष्म दृष्टि से प्रकृति के कौशल अच्छी तरह देख लेता है, उनका वर्णन भी वह करता है। उनसे नाना प्रकार की शिक्षाएँ भी वह ग्रहण करता और संसार को लाभ भी पहुँचाता है। जिस कवि में प्राकृतिक दृष्टि और प्रकृति के कौशल को देखने और समझने की जितनी ही अधिक शक्ति होती है, वह उतना ही महान कवि होता है।

6. निम्नलिखित शब्दों का हिन्दी में अनुवाद करें : 15

(i) Supervisor (ii) Engineer (iii) Pro-vice chancellor (iv) Senate (v) Syndicate (vi) Academic Council (vii) Chairman (viii) Commission (ix) Publisher (x) Announcer

7. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दें : 20

(क) 'चिन्ता' किसकी रचना है?
(ख) 'मनुज का श्रेय' के रचयिता कौन हैं?
(ग) जयशंकर प्रसाद किस वाद के कवि हैं?
(ङ) नागार्जुन का जन्म किस गाँव में हुआ था? LNMUonline.com
(च) 'साँझ का बादल' किनकी रचना है?
(छ) धर्मवीर भारती किस काव्य धारा के कवि हैं?
(ज) पौरुष का कवि किस छायावादी को माना जाता है?
(झ) 'हिमाद्रि तुंग श्रृंग से' कविता जयशंकर प्रसाद की किस रचना से गृहीत है?
(ञ) 'गीत-अगीत' दिनकर की किस रचना से गृहीत है?